24-10-19
Hindi I
Sem I
F.Y.BA

प्रश्न १) निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- २४

अ) "कलाकार को अपने इस बहुत ही उत्कृष्ट चित्र के लिए कोई शीर्षक न खोज सकते देख नीता ने अपने बालक को अभिमान से आगे बढ़ा , मुस्कुराकर सुझाया - इस चित्र का सिर्फ रखिए – सृजन की पीड़ा !"

अथवा

"मैं भी उनके साथ दुखी हो उठी। कभी ऐसा सोचा नहीं होगा कि पांचों ऐसे निकल जाएंगे। हमारी उम्मीदें ही हमें कहीं का नहीं छोड़ती । यह मोहजन्य पीड़ायेँ वृद्ध अवस्था को और जर्जर करके रख देती हैं। "

आ)" बेटा मैदान से भागकर शिविर में आ बैठने के सुखद मजबूरी का नाम इज्जत है। इज्जतदार ऊंचे झाड़ की ऊंची टहनी पर दूसरे के बनाए घोंसले में अंडे देता है। "

अथवा

"सूर्योदय और सूर्यास्त तो खैर अंडमान की शोभा ही नहीं विशिष्टता भी है । मेरा विश्वास है कि कोई भी पर्यटक अंडमान आए तो यहां के प्रकृति, हवा और समंदर से उसे उसी तरह प्यार हो जाएगा , जैसा वह अपनी मातृभूमि से करता है। "

प्रश्न २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३०

क) 'उसने कहा था' कहानी के उद्देश्य की चर्चा कीजिए।

अथवा

'बहादुर' कहानी के बहादुर का चरित्र -चित्रण कीजिए।

ख) शाहजहाँ के आँसू ' एकाँकी के शाहजहाँ का चरित्र – चित्रण कीजिए।

अथवा

'हंसिनी की भविष्यवाणी' लोककथा का उद्देश्य क्या है ?

प्रश्न ३) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए :- १५

च) दिल्ली में एक मौत' कहानी का उद्देश्य क्या है ?

अथवा

सदगुरु का कहना है' व्यंग्य पर अपनी राय दीजिए।

प्रश्न ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- १६

त) फैसला कहानी के शुक्ला

अथवा

निर्वासित कहानी के माता -पिता

थ) मेरा विद्यार्थी काल

अथवा

मेरी अंडमान यात्रा

प्रश्न ५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १५

१) लहनासिंह को सूबेदारनीने क्या कहा था?
२) दीवान की परीक्षा कैसे ली गयी ?
३) चित्र का शीर्षक क्या होना चाहिए था ?
४) दिल्ली में किसकी मौत हुई थी?
५) फैसले का परिणाम क्या हुआ ?

XY9ABS

६) बहादुर को किसने पीटा था ?
७) कौमुदी ने क्या बताया ?
८) बेटी ने अपनी बेटी किसकी सेवा में लगा दी ?
९) परदेशी का नाम क्या है ?
१०) निर्वासित किसे होना पड़ता है ?
११) महात्मा गांधी का अक्षर कैसा था ?
१२) अभागा किसे कहा गया ?
१३) हरिशंकर परसाई किस विधा के लिए जाने जाते हैं ?
१४) शाहजहाँ ने किसकी याद में ताजमहल बनवाया था ?
१५) यशपाल पर संस्मरण किसने लिखा ?